(134)

पूर्व मध्य रेल
EAST CENTRAL RAILWAY

राजभाषा अधिकारी के चयन हेतु लिखित परीक्षा
Written examination for the selection of Rajbhasha Adhikari

दिनांक : 06 मई 2008
Date : 06 May 2008

समय : 3 घंटा
Time : 3 Hours

अंक : 150
Marks : 150

1. किसी एक पर निबंध लिखें :— 45
Write on essay on anyone of the followings:-

(i) दूरदर्शन – एक अभिशाप।
Television – A Curse.
(ii) ईमानदारी सर्वोत्तम नीति है ।
Honesty is the best policy.
(iii) जीवन में त्योहारों का महत्व ।
Importance of Festivals in life.

2. निम्नलिखित अंश का हिन्दी अनुवाद करें :— 30
Translate of the following passage into Hindi :-

Hindi is my favourite subject. As we all know Hindi is our national language. National language gives identity to human beings. Whenever he goes abroad he is recognized by the national language he speaks. Hindi has been given the status of national language because most of people in India can understand, speak and exchange their thought in this language. I like Hindi very much. It is simple and beautiful. With knowledge of Hindi we can lift our life. Many great people of this land have devoted their life to the development and spread of Hindi in India. Hindi is written in Devnagri script. My forefathers have devoted their life for this. This language is capable of increasing brotherhood among Indians. It has the power to keep the whole country united. This has got rich literature. Famous litterateur like Bhartendu Harishchandra, Mahadevi Verma, Nirala, Jai Shankar Prasad, Ramdhari Singh Dinkar etc. have enriched the literature of Hindi. This language has the capacity to embrace words and thoughts from any other culture like Engilish and Urdu. Every year we celebrate Hindi Diwas on 14th September. In this age when divisive forces are raising their heads, let us all promote Hindi to unite the whole country.

P.T.O

3 निम्नलिखित अंश का अंग्रजी अनुवाद करें :– 30

Translate of the following passage into English :-

अध्यापक और समाज का आपस में घनिष्ठ सम्बंध है । समाज और देश की उन्नति एवं अवनति बहुत कुछ अध्यापकों पर ही निर्भर करती है । वह देश और समाज बहुत सौभाग्यशाली है जिसमें योग्य और चरित्रवान अध्यापकों की अधिकता है । समाज और राष्ट्र का हित योग्य अध्यापकों पर ही निर्भर करता है । इसीलिए विश्व का प्रत्येक राष्ट्र योग्य और चरित्रवान अध्यापकों के निर्माण के प्रश्न को लेकर चिन्तित है । पहले हमारे देश में अध्यापक का कार्य ऐसे ही लोगों को सौंपा जाता था जो योग्य और चरित्रवान होते थें, और आज भी पाश्चात्य देशों में अध्यापकों के निर्माण में बड़ी सतर्कता एवं सावधानी बरती जाती है ।

अध्यापक का क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है । जो अध्यापन करता है, उसे ही अध्यापक कहते हैं । अध्यापक की परिभाषा देखने में तो छोटी है, परन्तु इसमें भी समाज और देश के कल्याण की भावना अन्तर्निहित है । अध्यापक वास्तव में देश और समाज का प्राण है । समाज तथा राष्ट्र अपने बालकों को उसे सौंप देते हैं । वास्तव में समाज और देश के भावी निर्माण का भार अध्यापकों के कन्धों पर ही है । अध्यापक ही छात्रों को योग्य एवं चरित्रवान बनाता है । वही आदर्श अध्यापक है जो अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है । एक आदर्श अध्यापक उस देवता के समान होता है जो निस्वार्थ भावना से रात–दिन छात्र–हित में ही कार्य करता है । आदर्श अध्यापक का जीवन तपोमय होता है । उसका ह्रदय नवनीत सा कोमल और स्वच्छ होता है । उसके चरित्र में वज्र सी दृढ़ता और ह्रदय विशाल होता है । समाज के सर्वश्रेष्ठ गुण ही अध्यापक में केन्द्रित होकर उसे 'आदर्श' शब्द से विभूषित करते हैं ।

4 (क) राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) को व्याख्या करते हुए इसके अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को उल्लेख करें । 10

(a) Please explain Section 3(3) of Official Language Act 1963 and specify the documents covered under it.

(ख) संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित की गई भाषाओं का उल्लेख करें । 10

(b) Please mention the languages included in 8th schedule of the Constitution.

(ग) क्षेत्र 'क', 'ख' एवं 'ग' के अंतर्गत आने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नाम बताएं । 10

(C) Please write name of States/Union Territories covered under region 'A', 'B' & 'C'.

5 निम्नलिखित का हिन्दी रूपांतर लिखें – 8

Please write Hindi equivalents of the followings:-

(a) Group Insurance Scheme. (b) Per Capita Expenditure.
(c) Growth Rate. (d) Reservation. (e) Compensation.
(f) Deputation. (g) Accommodation. (h) Dual Charge Allowance.

6 निम्नलिखित का अंग्रेजी रूपांतर लिखें – 7

Please write English equivalents of the followings:-

(क) रेल परिषद (ख) प्रसूति अवकाश (ग) पंजीकरण शुल्क (घ) राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ड़) कार्य साधक ज्ञान (च) प्रवीणता (छ) परिणामी रिक्तियाँ ।